हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
1 नवंबर 2025, बरेली,



# दो दिवसीय प्रसूति एवं स्त्री रोग कांफ्रेंस आज से

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय प्रथम प्रसूति एवं स्त्री रोग अपडेट 2025 कांफ्रेंस शनिवार को आरंभ होगी। बरेली आब्स्टेट्रिक्स एंड गायनोकोलाजी सोसायटी के सहयोग से एसआरएमएस के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओर से आयोजित इस कांफ्रेंस में देश के नामचीन स्त्रीरोग विशेषज्ञ कांफ्रेंस के छह सत्रों में विभिन्न विषयों के साथ चिकित्सा में एआई की भूमिका पर भी व्याख्यान देंगे। यह जानकारी स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष व कांफ्रेंस की आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डॉ. शशि बाला आर्य ने कही। उन्होंने कहा कि भ्रूण से स्वस्थ वृद्धावस्था तक थीम पर होने वाली इस कांफ्रेंस का उद्घाटन शनिवार को होगा।